झारखण्ड सरकार,
**झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग**
**कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010**
**दूरभाष सं0–9264431721**
**e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com**

# विज्ञापन संख्या– 05/2018
# विशेष शाखा आरक्षी (क्लोज कैडर) प्रतियोगिता परीक्षा–2018

**1.** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक– 11/क0च0आ0–02–24/2017 का0–133 (अनु0) दिनांक–03.01.2018 के द्वारा अग्रसारित गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक–7189 दिनांक–20.12.2017 द्वारा संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए झारखण्ड के स्थानीय सुयोग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु विहित प्रपत्र में **विशेष शाखा आरक्षी (क्लोज कैडर) प्रतियोगिता परीक्षा–2018** के लिये **ऑन–लाईन (Online)** आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार अर्हतानुसार निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते है। ऑन–लाईन (Online) आवेदन आयोग के वेबसाईट– **www.jssc.nic.in** पर लॉगईन करके दिनांक 04.01.2019 से 18.02.2019 तक समर्पित किया जा सकता है। तदुपरान्त लिंक परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु दिनांक–19.02.2019 से दिनांक–21.02.2019 तक उपलब्ध रहेगा। फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दिनांक–22.02.2019 से दिनांक–24.02.2019 तक लिंक उपलब्ध रहेगा। इस तिथि के उपरांत दिनांक–25.02.2019 से दिनांक–27.02.2019 तक समर्पित आवेदन में संशोधन हेतु लिंक उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवधि में अभ्यर्थी अपने समर्पित आवेदन में आवश्यक संशोधन कर सकते हैं।

**2. झारखण्ड राज्य के विशेष शाखा में आरक्षी (क्लोज कैडर) के पद पर नियुक्ति हेतु रिक्तियों की विवरणी :–**

| क्र॰ सं॰ | सेवा का नाम विभाग का नाम | पदनाम | आरक्षण कोटि | | क्षैतिज आरक्षण के तहत पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | आरक्षित कोटि की रिक्तियों के विरूद्धआरक्षित वर्ग की महिला | अ॰ज॰जा॰ की रिक्ति के अधीन आदिम जनजाति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विशेष शाखा आरक्षी (क्लोज कैडर) | आरक्षी | 1.अनारक्षित/सामान्य | 506 | – | – |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 263 | 25 | 06 |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 101 | | – |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 81 | | |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) | 61 | | |
| | | | **योग :–** | **1012** | **25** | **06** |

➢ **कोटिवार रिक्तियों की संख्या अधियाची विभाग के अनुरोध के अनुसार घट–बढ़ सकती है।**

**3.** **पात्रता**ः– कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या–5938, दिनांक–14.07.2016, संकल्प संख्या–3854, दिनांक–01.06.2018 एवं संकल्प संख्या–8468, दिनांक–20.11.2018 के आलोक में उपर्युक्त कंडिका–2 में वर्णित पदों पर झारखण्ड राज्य के **स्थानीय निवासी अभ्यर्थी ही** आवेदन देने के पात्र हैं। अतः विवरणिका के परिशिष्ट–I पर दिये गये प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित करने की तिथि तक आरक्षित एवं अनारक्षित दोंनों कोटि के अभ्यर्थियों को स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र धारित करना अनिवार्य है। अर्थात स्थानीय निवासी नही होने पर आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

**4.** कंडिका– 2 में वर्णित पद का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

| क्रम सं॰ | पदनाम | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को) |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| **1** | **आरक्षी** | वेतन बैंड पी0बी0I– रू0 5200–20200 ग्रेड वेतन– रू0 2000/– (अपुनरीक्षित) | 10+2 (बारहवीं) कक्षा उर्त्तीण। |

- **अभ्यर्थी परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अनिवार्यतः प्राप्त कर लिये हों।**

**5.** **उम्र सीमा**ः– उम्र की गणना दिनांक– 01.08.2018 के आधार पर की जायेगी।

| क्र॰ सं॰ | वर्ग | न्यूनतम उम्र सीमा | अधिकतम उम्र सीमा |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित/सामान्य | 19 वर्ष | 25 वर्ष |
| 2. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) | 19 वर्ष | 28 वर्ष |
| 3. | अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति | 19 वर्ष | 30 वर्ष |

**6.** **परीक्षा का स्वरूप**

**परीक्षा OMR आधारित होगी।**

**परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम** :– परीक्षा निम्नलिखित तीन चरणों में ली जायेगीः–

**(क)** लिखित परीक्षा
**(ख)** शारीरिक दक्षता परीक्षा
**(ग)** चिकित्सीय जाँच परीक्षा

क) सर्वप्रथम अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा ली जायेगी जिसमें सफल होना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा में निम्न न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को मेधा–सूची में शामिल नहीं किया जायेगाः–

(I) अनारक्षित – 40 (चालीस) प्रतिशत
(II) अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति – 32 (बत्तीस) प्रतिशत
(III) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग– (अनुसूची–1) – 34 (चौतीस) प्रतिशत
(IV) पिछड़ा वर्ग– (अनुसूची–2) – 36.5(छत्तीस दसमलव पाँच) प्रतिशत
(V) महिला – 32 (बत्तीस) प्रतिशत

**लिखित परीक्षा** :–लिखित परीक्षा में दो पत्र होंगे। दोनो पत्रों के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित हों

**प्रश्न पत्र–1**:–

इस पत्र में निम्नलिखित पाँच उपखण्ड होंगेः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | हिन्दी भाषा ज्ञान | – | 50 प्रश्न |
| (ख) | सामान्य ज्ञान | – | 50 प्रश्न |
| (ग) | सामान्य विज्ञान | – | 25 प्रश्न |
| (घ) | सामान्य गणित | – | 25 प्रश्न |
| (ड़) | अंग्रेजी भाषा ज्ञान | – | 25 प्रश्न |
| | **कुल** | – | **175 प्रश्न (परीक्षा अवधि– 3 घंटा)** |

**प्रश्न पत्र–2**:–

इस पत्र के अधीन अभ्यर्थियों के स्थानीय/जनजातीय भाषा, यथा– **हिन्दी/ अंग्रेजी/ उर्दू/ संथाली/बंगला/मुण्डारी(मुण्डा)/हो/खड़िया/कुडूख(उराँव)/कुरमाली/खोरठा/नागपुरी/पंचपरगनिया/उड़िया /संस्कृत** में किसी एक भाषा की परीक्षा ली जायेगी। यह प्रश्न पत्र अर्हक होगा जिसमें न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। इस पत्र में 33 प्रतिशत न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के प्रथम पत्र का मूल्यांकन किया जायेगा। इससे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यथियों के प्रथम पत्र का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा तथा उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

**द्वितीय पत्र अर्हक पत्र है। अतएव इस पत्र में प्राप्त अंक मेधा निर्धारण के लिए नहीं जोड़ा जायेगा।**

इस पत्र में प्रश्नों की संख्या 50 होगी तथा परीक्षा अवधि 1 घंटे की होगी।

**(ख)** **शारीरिक दक्षता परीक्षा** :–

**(i) शारीरिक मापदण्डः**–

| **क्रमांक** | **आरक्षण कोटि** | **ऊँचाई (से0मी0)** | **सीना (से0मी0)** |
|---|---|---|---|
| **1.** | अनारक्षित | न्यूनतम 160 | न्यूनतम 81 |
| **2.** | अनुसूचित जनजाति | न्यूनतम 155 | न्यूनतम 79 |
| **3.** | अनुसूचित जाति | न्यूनतम 155 | न्यूनतम 79 |
| **4.** | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | न्यूनतम 160 | न्यूनतम 81 |
| **5.** | पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | न्यूनतम 160 | न्यूनतम 81 |
| **6.** | महिला | न्यूनतम 148 | – |

**(ii) शारीरिक जाँचः—**

| क्र.सं. | जाँच | पुरूष उम्मीदवार | महिला उम्मीदवार |
|---|---|---|---|
| 1 | एक मील की दौड़ | 7 मिनट | 10 मिनट |
| 2 | ऊँची कूद | 4 फीट | — |
| 3 | लम्बी कूद | 12 फीट | — |
| 4 | गोला फेंक (16 पौण्ड) | 15 फीट | 10 फीट |

**टिप्पणीः— शारीरिक जाँच परीक्षा में कोई अंक देय नहीं होगा लेकिन शारीरिक जाँच एवं माप में सफल होना अनिवार्य होगा। अर्थात् यह मात्र अर्हक (Qualifying) प्रकृति का होगा।**

**(ग) चिकित्सीय जाँच परीक्षा :—**

**अभ्यर्थियों के शारीरिक बनावट में मुड़ा घुटना, धनु पैर, समतल पैर, स्पीत शिरा, ऊँगलियों का उचित ढंग से नहीं घुमना, दृष्टिदोष, कलर ब्लाईंडनेश (Colour Blindness) / रतौंधी (Night Blindness), Hearing, Stammering, Bericocele/ Hydrocele/ Piles और Any Communicable Physical/ Mental disease आदि की चिकित्सीय परीक्षण की जायेगी।**

**परीक्षा शुल्कः—**

परीक्षा शुल्क रू॰ 800 (आठ सौ रूपये) है।

**परीक्षा शुल्क में छूटः**—झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू॰ 200 (दो सौ रूपये) है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज का भी भुगतान करना होगा।

**महत्वपूर्ण तिथि**

| | | |
|---|---|---|
| **(i)** | **ऑन—लाईन आवेदन आरम्भ की तिथि** | **04.01.2019** |
| **(ii)** | **ऑन—लाईन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि** | **18.02.2019** |
| **(iii)** | **परीक्षा शुल्क भुगतान करने की विस्तारित तिथि** | **21.02.2019** |
| **(iv)** | **फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की विस्तारित तिथि** | **24.02.2019** |
| **(v)** | **OMR आधारित परीक्षा की सम्भावित तिथि** | **मई 2019 के तृतीय सप्ताह** |

**8.** यह संक्षिप्त विज्ञापन आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है। आयोग के वेबसाईट— www.jssc.nic.in पर परीक्षा की विविरणिका में विस्तृत सूचना उपलब्ध है जिसे इच्छुक अभ्यर्थी अवश्य डाउनलोड कर देख लें एवं उसके अनुसार ही आवेदन पत्र समर्पित करें। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**ह0/—**
**परीक्षा नियंत्रक।**